# राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

द्वितीय से पंचम तल, ब्लॉक–5, शिक्षा संकुल परिसर,
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर – 17

फोन नं: 0141–2709114

email : rajssa _cmecce@yahoo.com

फैक्सः 0141–2701822


क्रमांक : 15(31) रा.स्कू.शि.प./जय/सामु.गति./प्रबंधन मद/दिशा निर्देश/2017–18/5408 दिनांक : 27/8/18

# दिशा निर्देश
## (सत्र 2018–19)
## बाल समारोह

**प्रस्तावना :–**

यदि हम चाहते है कि समुदाय विद्यालयों में अपना सकारात्मक योगदान दे तो इसके लिए सर्व प्रथम यह आवश्यक है कि वे विद्यालय की तरफ आकर्षित हो और इसका सर्वोतम तरीका यह है कि अभिभावकों को उनके बच्चों द्वारा विद्यालय में की जाने वाली कुछ गतिविधियों को देखने व कुछ गतिविधियों में भाग लेने हेतु विद्यालय में आमंत्रित किया जाए। चाहे वह कोई भी व्यक्ति हो, अपने बच्चों को किसी गतिविधि में भाग लेते हुए देखना तथा बच्चों के साथ गतिविधि में भाग लेना अत्यन्त सुखद अनुभव होता है। इस बात को ध्यान में रखते हुए राज्य के प्रत्येक राजकीय प्राथमिक/उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालय में वर्ष 2018–19 में "बाल समारोह" गतिविधि आयोजित किये जाने हेतु प्राथमिक/उच्च प्राथमिक रू. 52.539 लाख एवं माध्यमिक/उच्च माध्यमिक में रू. 14.027 लाख तथा कुल अनुमोदित बजट ₹ 66.566 लाख का प्रावधान किया गया है। इस समारोह में बच्चे विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे – सांस्कृतिक, खेलकूद एवं साहित्यिक में भाग लेंगे तथा अभिभावक एवं जनप्रतिनिधि बच्चों को इन प्रतियोगिताओं में भाग लेते हुए देखने और प्रोत्साहित करने के लिए आमंत्रित किये जायेंगे। चूंकि इस गतिविधि को देखने व भाग लेने एवं बच्चों को प्रोत्साहित करने हेतु सभी अभिभावक, जनप्रतिनिधि एवं शिक्षक समारोह में एकत्रित होंगे। अतः एसएमसी की साधारण सभा/एसडीएमसी की बैठक आयोजित करने का भी यह उपयुक्त अवसर है। अभिभावकों एवं जनप्रतिनिधियों का इस प्रकार विद्यालय में आना न केवल उनमें जागरूकता उत्पन्न करेगा बल्कि उनमें विद्यालय के प्रति अपनेपन की भावना भी उत्पन्न करेगा। **जिलेवार भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य परिशिष्ट– 1 पर संलग्न है।**

www.rajteachers.com

## आयोजन की क्रियाविधिः–

- बाल समारोह प्रत्येक राजकीय प्राथमिक,उच्च प्राथमिक,माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में 14 नवम्बर को आयोजित किये जायेंगे।
- इसमे बच्चे विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे तथा माता–पिता को बच्चों द्वारा भाग लिये जाने वाली प्रतियोगिताओं को देखने के लिए व बच्चों के साथ भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जायेगा।
- यह प्रतियोगिताएं साहित्यिक, खेलकूद एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों से सम्बन्धित होंगी। साहित्यिक प्रतियोगिताओं में वाद विवाद, आशु भाषण, निबन्ध, प्रश्नोत्तरी, अंग्रेजी और हिन्दी शब्दों की अन्त्याक्षरी आदि, खेलकूद प्रतियोगिताओं में खो–खो, कबडडी, चम्मच दौड़, 100 मीटर दौड़, रूमाल झपटा आदि एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में गायन, नृत्य, ड्रामा आदि लिये जा सकते हैं।
- इनके अतिरिक्त स्थानीय स्तर पर प्रचलित अन्य खेलकूद, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रतियोगिताओं को भी सम्मिलित किया जा सकता है। साहित्यिक प्रतियोगिताओं के लिए जैण्डर संवेदनशीलता, समावेशन, अनिवार्य बाल शिक्षा, स्वच्छ भारत अभियान, बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ, बाल अधिकार आदि क्षेत्रों से सम्बन्धित विषय लिये जा सकते हैं।
- प्रतियोगिता आयोजन हेतु प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों को तीन समूहों में बांटा जाए। पहले समूह में कक्षा 1 से 2, दूसरे समूह में कक्षा 3 से 4 एवं तीसरे समूह में कक्षा 5 तक के बच्चे सम्मिलित होंगे।
- उच्च प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों को तीन समूह में बांटा जाए। पहले समूह में कक्षा 1 से 3 एवं दूसरे समूह में कक्षा 4 से 5 तथा तीसरे समूह में कक्षा 6 से 8 तक के बच्चे सम्मिलित होंगे।
- माध्यमिक विद्यालयों के बच्चो को तीन समूह में बाटा जाए। पहले समूह में कक्षा 1 से 5, दूसरे समूह में कक्षा 6 से 8 एवं तीसरे समूह में कक्षा 9 से 10 तक के बच्चे सम्मिलित होंगे।
- उच्च माध्यमिक विद्यालयों के बच्चो को तीन समूह में बाटा जाए। पहले समूह में कक्षा 1 से 5, दूसरे समूह में कक्षा 6 से 8 एवं तीसरे समूह में कक्षा 9 से 12 तक के बच्चे सम्मिलित होंगे।
- उक्त प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान पर रहने वाले बालक/बालिका को ₹. 10/– के प्रतीक चिन्ह पुरस्कार के रूप में दिये जायेगें। सभी प्रतियोगिताएं एवं पुरस्कार वितरण समाप्त होने के पश्चात् एसएमसी साधारण सभा/एसडीएमसी की बैठक आयोजित की जायेगी। बैठक में साधारण सभा के पिछली बैठक से अब तक कार्यकारिणी समिति द्वारा किये गये कार्यो की समीक्षा की जायेगी साथ ही बाल समारोह कार्यक्रम के बारे में अभिभावकों का फीडबैक लिया जाए। इसके अतिरिक्त अनांमाकित एवं ड्राफ्ट आउट बच्चों को शिक्षा से जोड़ना, बच्चों के विद्यालय में नियमित उपस्थिति, गृह कार्य की नियमितता, उनकी शैक्षिक प्रगति, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बाल अधिकार कार्यक्रम आदि महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाए। बैठक के मिनिट्स भी विद्यालय रिकार्ड में संधारित कर रखे जाएें।

www.rajteachers.com

## प्राथमिक/उच्च प्राथमिक/माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालय में व्यय विवरण (प्रति विद्यालय)

| गतिविधि | प्रथम समूह | द्वितीय समूह | तृतीय समूह | योग |
|---|---|---|---|---|
| साहित्यिक (प्रथम प्रतियोगिताएं) | प्रथम पुरस्कार– 10.00 | प्रथम पुरस्कार– 10.00 | प्रथम पुरस्कार– 10.00 | 30.00 |
| खेलकूद (द्वितीय प्रतियोगिताएं) | प्रथम पुरस्कार– 10.00 | प्रथम पुरस्कार– 10.00 | प्रथम पुरस्कार– 10.00 | 30.00 |
| सांस्कृतिक (तृतीय प्रतियोगिता ) | प्रथम पुरस्कार– 10.00 | प्रथम पुरस्कार– 10.00 | प्रथम पुरस्कार– 10.00 | 30.00 |
| **योग** | **30.0** | **30.00** | **30.00** | **90.00** |
| व्यवस्था एवं विविध व्यय | | | | 10.00 |
| **सर्वयोग** | | | | **100.00** |

बाल समारोह आयोजन पश्चात इसकी विस्तृत रिपोर्ट तैयार करके विद्यालय रिकार्ड में रखी जाए तथा उसकी एक प्रति ब्लॉक कार्यालय को प्रेषित की जाए।

***प्रतिवेदन में निम्न बिन्दुओं को शामिल किया जाए :–***

- बाल समारोह में उपस्थित अभिभावकों एवं जनप्रतिनिधियों की संख्या (महिला एवं पुरुष संभागी अलग से दर्शाये)
- प्रतियोगिता हेतु नियुक्त निर्णायकों का विवरण
- सम्पूर्ण कार्यक्रम का समय विभाग चक्र।
- पुरस्कार प्राप्त करने वाले बच्चों का विवरण।

| क्र.सं. | प्रतियोगिता का नाम | प्रथम समूह | द्वितीय समूह | तृतीय समूह |
|---|---|---|---|---|
| | | प्रथम पुरस्कार | प्रथम पुरस्कार | प्रथम पुरस्कार |
| | | | | |

- प्रतियोगिताओं के सम्बन्ध में जनप्रतिनिधियों, अभिभावकों एवं बच्चों के विचार।
- प्रतियोगिता में यदि दान/उपहार या सहयोग प्राप्त हुआ है तो उसका सम्पूर्ण विवरण एवं भविष्य में प्रतियोगिता को और प्रभावी बनाने हेतु सुझाव।

विद्यालयों से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर बीईईओ/पीईईओ कार्यालय एक संक्षिप्त रिपोर्ट बनाकर जिला कार्यालय को प्रेषित करेंगे। इसी प्रकार जिला कार्यालय भी बीईईओ/पीईईओ ब्लॉक कार्यालयों से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर एक संक्षिप्त रिपोर्ट तैयार कर समारोह के कुछ अच्छे फोटोग्राफ्स शामिल करके परिषद को भेजे।

www.rajteachers.com

## ***विशेष ध्यान देने योग्य बिन्दु :–***

- समारोह हेतु निर्धारित यूनिट कॉस्ट प्राथमिक/उच्च प्राथमिक/माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालय ₹ 100/– से अधिक किसी भी स्थिति में खर्च नहीं करेंगे। **यद्यपि दानदाताओं/भामाशाहों से सहयोग लेकर समारोह को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है।**
- बाल समारोह कार्यक्रम बाल दिवस (14 नवम्बर) पर आयोजित किया जाना है।
- निम्न प्रपत्र में उपलब्धि की सूचना परिषद् को उपलब्ध करानी है।

### ***बाल समारोह आयोजन वित्तीय एवं भौतिक उपलब्धि सूचना***

जिला :–

| क्र.स. | लक्ष्य | | उपलब्धि | |
|---|---|---|---|---|
| | भौतिक | वित्तीय | भौतिक | वित्तीय |
| | | | | |

- बाल समारोह अवलोकन प्रपत्र **परिशिष्ट–2** पर संलग्न है।

(शिवांगी स्वर्णकार)
राज्य परियोजना निदेशक

क्रमांक : 15(31) रा.स्कू.शि.प /जय/सामु.गति./प्रबंधन मद/दिशा निर्देश/2018–19/5409 दिनांक : 27/8/18

**प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–**

1. निजी सचिव, आयुक्त, राज. स्कूल शिक्षा परिषद्,जयपुर।
2. निजी सचिव, अतिरिक्त आयुक्त, राज. स्कूल शिक्षा परिषद्,जयपुर।
3. नियत्रंक वित्त, राज. स्कूल शिक्षा परिषद्,जयपुर।
4. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, समस्त–जिला।
5. उपायुक्त (प्लान)/मॉनिटरिंग, राज. स्कूल शिक्षा परिषद्,जयपुर।
6. समस्त जिला प्रभारी अधिकारी, राज. स्कूल शिक्षा परिषद्,जयपुर।
7. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, प्रा.शि./मा.शि. एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक।
8. रक्षित पत्रावली।

(रामनिवास जाट)
**अति0 राज्य परियोजना निदेशक**

www.rajteachers.com

# Bal Samaroh

## Physical and Financial Target of Districts 2018-19

| S.No. | DISTRICT | Total no. of School PS/Ups | Total No. of Govt. Composite Sec./Sr. Sec. Schools* | per school @100 | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Target | |
| | | | | Phy. | Fin.(in lakhs) |
| 1 | AJMER | 1350 | 494 | 1844 | 1.844 |
| 2 | ALWAR | 2083 | 735 | 2818 | 2.818 |
| 3 | BANSWARA | 2510 | 418 | 2928 | 2.928 |
| 4 | BARAN | 1275 | 291 | 1566 | 1.566 |
| 5 | BARMER | 4135 | 591 | 4726 | 4.726 |
| 6 | BHARATPUR | 1197 | 521 | 1718 | 1.718 |
| 7 | BHILWARA | 2323 | 544 | 2867 | 2.867 |
| 8 | BIKANER | 1604 | 383 | 1987 | 1.987 |
| 9 | BUNDI | 979 | 262 | 1241 | 1.241 |
| 10 | CHITTAURGARH | 1413 | 396 | 1809 | 1.809 |
| 11 | CHURU | 915 | 483 | 1398 | 1.398 |
| 12 | DAUSA | 1173 | 359 | 1532 | 1.532 |
| 13 | DHAULPUR | 873 | 249 | 1122 | 1.122 |
| 14 | DUNGARPUR | 2102 | 360 | 2462 | 2.462 |
| 15 | GANGANAGAR | 1474 | 450 | 1924 | 1.924 |
| 16 | HANUMANGARH | 737 | 336 | 1073 | 1.073 |
| 17 | JAIPUR | 2734 | 907 | 3641 | 3.641 |
| 18 | JAISALMER | 1014 | 176 | 1190 | 1.19 |
| 19 | JALOR | 1533 | 351 | 1884 | 1.884 |
| 20 | JHALAWAR | 1372 | 319 | 1691 | 1.691 |
| 21 | JHUNJHUNU | 1039 | 496 | 1535 | 1.535 |
| 22 | JODHPUR | 2873 | 590 | 3463 | 3.463 |
| 23 | KARAULI | 1078 | 308 | 1386 | 1.386 |
| 24 | KOTA | 783 | 301 | 1084 | 1.084 |
| 25 | NAGAUR | 2301 | 686 | 2987 | 2.987 |
| 26 | PALI | 1347 | 468 | 1815 | 1.815 |
| 27 | PRATAPGARH (RAJ.) | 1394 | 185 | 1579 | 1.579 |
| 28 | RAJSAMAND | 1400 | 289 | 1689 | 1.689 |
| 29 | SAWAI MADHOPUR | 769 | 292 | 1061 | 1.061 |
| 30 | SIKAR | 1347 | 582 | 1929 | 1.929 |
| 31 | SIROHI | 759 | 215 | 974 | 0.974 |
| 32 | TONK | 1123 | 320 | 1443 | 1.443 |
| 33 | UDAIPUR | 3530 | 670 | 4200 | 4.2 |
| | **Total** | **52539** | **14027** | **66566** | **66.566** |

www.rajteachers.com

अवलोकनकर्ता का नाम :– ..............................पदः–........................कार्यरत स्थान :–...............

विद्यालय का नाम :– .............................................. ब्लॉक :–...................जिलाः–...............

प्रधानाध्यापक का नाम :–............................................................ मो.न. ..........................................

बाल समारोह के आयोजित की दिनांक :–........................

सम्पूर्ण कार्यक्रम का समय विभाग चक्र बना हुआ है या नहीं :– ..........................................

**आयोजित प्रतियोगिताएं**

खेलकूद प्रतियोगिता का नाम :–............................भाग लेने वाले बच्चों की संख्या...................

साहित्यिक प्रतियोगिता का नाम :–.........................भाग लेने वाले बच्चों की संख्या...................

सांस्कृतिक प्रतियोगिता का नाम :–.........................भाग लेने वाले बच्चों की संख्या...................

प्रतियोगिताओं के निर्णय हेतु निर्णयाक दल का गठन किया गया है या नहीं ..........................

निर्णायक दलों का कार्य संतोषजनक है या नहीं :– ..................................................................

साधारण सभा का आयोजन किया गया है या नहीं :– ............................................................

**समारोह में उपस्थित अभिभावकों एवं जनप्रतिनिधियों की संख्या**

| कुल आमंत्रित अभिभावक | कुल आमंत्रित जनप्रतिनिधि | कुल उपस्थित अभिभावक | कुल उपस्थित जनप्रतिनिधि | उपस्थित अभिभावकों एवं जनप्रतिनिधियों में से | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | पुरुष | महिला | योग |
| | | | | | | |

यदि समारोह में भामाशाहों से सहयोग लिया गया है तो उसका विवरण :– ..........................
.....................................................................................................................................

समारोह के सम्बन्ध में जनप्रतिनिधियों, अभिभावकों एवं बच्चो के विचार :– ..........................
.....................................................................................................................................
.....................................................................................................................................

समारोह की व्यस्थाओं के बारे में टिप्पणी :–..............................................................................
.....................................................................................................................................

व्यवस्थाओं में सुधार हेतु अवलोकनकर्ता द्वारा तत्काल निर्देश :–...................................................
.....................................................................................................................................

अवलोकनकर्ता की टिप्पणी/ सुझाव :–.........................................................................................
.....................................................................................................................................

**अवलोकनकर्ता के हस्ताक्षर**

www.rajteachers.com